भारतीय विद्यालय अल वादी अल कबीर

शीतावकाशकालीन गृहकार्य-पत्रिका – मुहावरे (2016-17)

कक्षा – दसवीं विषय – हिंदी (पाठ्यक्रम-ब)

नाम________________________अनुभाग_______अनुक्रमांक______दिनांक:___/ 12 / 2016

प्रश्न – 1 – उचित मुहावरों द्वारा रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) आई० ए० एस० की परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए रात-दिन________________________पड़ती हैं और__________________________पड़ता है ।

(ख) चपरासी द्वारा मंत्री जी को राजनीति का पाठ पढ़ाना छोटा__________________________है ।

(ग) चलाना आए या न आए, आजकल हर ऐरा____________________________स्मार्ट फ़ोन लेकर घूमता है ।

(घ) कैकेयी ने ऐसे-ऐसे______________________चलाए कि महाराज दशरथ को श्रीराम को वनवास की आज्ञा देनी ही पड़ी ।

(ङ) फ़िल्म-निर्देशक ने नए अभिनेता के कार्य की इतनी आलोचना की कि उसके जिगर__________ __________________________गए और उसकी________________________गई ।

(च) चोर_____________________________घर में आया और चोरी करके चला गया ।

(छ) स्कूल से भागकर बाहर घूमने वाले छात्र के सिर___________________________________कि कहीं कोई जान-पहचान वाला देख न ले ।

(ज) मदन कम अंक पाने पर पहले से ही दुखी था, कमल ने उसका मज़ाक उड़ाकर उसके _______ __________________________________।

(झ) नदी में आई भयंकर बाढ़ ने पूरे गाँव का____।

(ञ) दसवीं पास रामू को गाँव की पाठशाला में अध्यापक की नौकरी मिलना_________________ ______________________________है ।

(ट) अर्थशास्त्र ऐसा विषय है कि उसे पढ़कर दाँतों_____________________________________है ।

(ठ) एवरेस्ट पर चढ़ना____है ।

(ड) आजकल सरकारी नौकरी पाने के लिए बहुत___________________________________हैं ।

(ढ) विवाह के बाद जब रमेश को ख़ुद घर चलाना पड़ा तो उसे________________________हुआ ।

(ण) जब से उसे विश्व-सुंदरी का ख़िताब मिला है, उसके_____________________________पड़ते ।

(त) यात्रा के लिए जाते समय मैंने माँ की बातों की________________________________ली ।

(थ) बच्ची को सड़क पर जाते देख माँ के____गए ।

(द) जब पंकज कॉलेज से देर से घर लौटा तो पिताजी ने उसे________________________लिया ।

(ध) आंदोलनकारियों पर लाठी बरसा कर अंग्रेज पुलिस ने अपना______________________दिया ।

(न) उधार लेने के बाद लोग प्रायः___________________________________लगते हैं ।

(प) जब से पिताजी ने मकान बनाने का काम________________________________,तब से बहुत व्यस्त हो गए हैं ।

(फ) बड़ों के उपदेश बच्चों को प्रायः_____________________________________हैं ।

(ब) रेलवे पर बनने वाले पुल का काम फिर से____________________________________है ।

(भ) ये लाफ़्टर चैनल के कलाकार______________________________________करके लोगों को उल्लू बनाते हैं ।

(म)रक्षाबंधन के दिन भाई के इंतज़ार में बहन के लिए एक-एक क्षण काटना________________है ।

(य) ओलंपिक में स्वर्णपदक जीतना कठिन साधना का काम है, कोई___________________नहीं है ।

(र) गाँव से शहर आकर दोस्तों के साथ घूमने-फिरने में वह पिता की_____________________बर्बाद कर रहा है ।

(ल) क्रिकेट खिलाड़ियों को वर्ल्ड कप जीतने के लिए______________________________पड़ती है ।

(व) नौकरी छूट जाने के कारण आजकल अनेक युवक_______________________________गए हैं ।